भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3045**

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

**ग्रीनफील्ड परियोजना की स्थिति**

3045. श्री संतोष पांडेय:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में राजेगांव से छत्तीसगढ़ में रायपुर तक ग्रीनफील्ड परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इस परियोजना की आधारशिला रखी जा चुकी है;

(ग) क्या इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जानी है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ**)** सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को उन्नत बनाने के लिए ग्रीनफील्ड/ग्राउंडफील्ड विस्तार के माध्यम से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य करती है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार करना और यात्रा समय को कम करना है। मध्य प्रदेश के राजेगांव से छत्तीसगढ़ के रायपुर तक की परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार करने का कार्य आवंटित कर दिया गया है। डीपीआर के परिणाम, संपर्कता (कनेक्टिविटी) की आवश्यकता, यातायात घनत्व, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल आदि के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है।

*****